**HINDI UNIVERSITY, HOWRAH**
**MA SEMESTER III EXAMINATION, 2025**

HINDI
Course Code- HIN 301
भारतीय काव्यशास्त्र

Full Marks- 40 | Time- 2 Hours

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 2x10=20

क. साधारणीकरण सिद्धांत की सीमाएँ एवं आलोचनाएँ प्रस्तुत करते हुए इसकी प्रासंगिकता पर विचार कीजिए।

अथवा

अलंकार सिद्धांत की अवधारणा स्पष्ट करते हुए आचार्य भामह और आचार्य दण्डी के अलंकार सम्बन्धी मतों की तुलना कीजिए।

ख. वक्रोक्ति सिद्धांत का परिचय देते हुए वक्रोक्ति के भेदों की चर्चा कीजिए ।

अथवा

आचार्य क्षेमेन्द्र के औचित्य सिद्धांत की विवेचना करते हुए काव्य में औचित्य के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 3x5=15

क. प्रमुख काव्य हेतुओं का संक्षिप्त विवेचन कीजिए।
ख. विभाव, अनुभाव एवं संचारी भाव के पारस्परिक संबंध को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।
ग. आचार्य वामन का "रीति काव्य की आत्मा है" इस कथन को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।
घ. शब्दालंकार एवं अर्थालंकार का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
ङ. वक्रोक्ति की संकल्पना स्पष्ट कीजिए।

PTO

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 5x1=5

क. रस निष्पत्ति का सूत्र किस ग्रंथ में मिलता है?

ख. आचार्य दण्डी का प्रमुख ग्रंथ कौन सा है?

ग. सहृदय किसे कहा जाता है?

घ. शब्दसौंदर्य से संबंधित अलंकार क्या कहलाते हैं?

ङ. "वक्रोक्तिजीवित्" ग्रंथ के लेखक कौन हैं?

## HINDI UNIVERSITY, HOWRAH
## MA SEMESTER III EXAMINATION, 2025

Hindi

Course- HIN- 302

### विविध विमर्श और हिंदी साहित्य

Full Marks- 40 Time-2Hours

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2X10=20

(क) दलित साहित्य की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसके सौंदर्यशास्त्रीय आधारों का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

आदिवासी जीवन, संस्कृति, जल-जंगल-ज़मीन और अस्मिता के प्रश्नों को हिंदी साहित्य में किस प्रकार अभिव्यक्त किया गया है, इसका विवेचन कीजिए।

(ख) समकालीन हिंदी साहित्य में स्त्री-विमर्श संबंधी लेखन का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

दलित विमर्श के सामाजिक-सांस्कृतिक आधारों की चर्चा करते हुए हिंदी दलित साहित्य की वैचारिक विशेषताओं और उसके प्रतिरोधी स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3X5=15

(क) व्याख्या कीजिए :

हम भी इंसान हैं<br>
हमें कायदे से पढ़ो एक-एक अक्षर<br>
जैसे पढ़ा होगा बी. ए. के बाद<br>
नौकरी का पहला विज्ञापन

(ख) दलित चेतना के संदर्भ में 'अम्मा' कहानी की समीक्षा कीजिए।

PTO

(ग) व्याख्या कीजिए :

बाबा, तुम कहते थे न आत्माएं कभी नहीं मरती। इस विराट व्योम में, शून्य में, वे तैरती रहती हैं परम शांत होकर मैं उसे शांति को छू लेना चाहती हूं। मैं थक गई हूँ ,बाबा । हर शरीर के थकने की अपनी सीमा होती है। मैं जल्दी थक गई, इसमें दोष तो मेरा ही है। तुम दोनों मुझे माफ कर सको तो कर देना।

(घ) 'तब तुम्हारी निष्ठा क्या होती' कविता का संक्षिप्त भावार्थ लिखिए ।

(ङ) 'मुर्दहिया' में निहित वैचारिकता को स्पष्ट कीजिए ।

3. निम्नलिखित वस्तु निष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 5X1=5

(क) 'जूठन' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ख) हिंदी साहित्य के किस रचनाकार को आईएफ़सीओ(IFCO) साहित्य सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है?

(ग) कंवल भारती का जन्म-वर्ष लिखिए ।

(घ) रणेद्र के किसी एक उपन्यास का नाम लिखिए ।

(ङ) 'अतीत होती सदी और स्त्री का भविष्य' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए ।

HINDI UNIVERSITY, HOWRAH

MA SEMESTER III EXAMINATION, 2025

HINDI

Course – HIN-303

हिन्दी नाटक और रंगमंच

Full Marks- 40 Time- 2 Hours

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 2×10=20

(क) हिन्दी नाटक के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'एक और द्रोणाचार्य' नाटक के माध्यम से आधुनिक शिक्षा प्रणाली की विसंगतियों पर प्रकाश डालिए।

(ख) "चन्द्रगुप्त नाटक में इतिहास और कल्पना का सुंदर समन्वय हुआ है"- तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

अथवा

नाटक के तत्वों के आधार पर 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की समीक्षा कीजिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 3×5=15

(क) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

तुम वीर हो, भारतीय सदैव उत्तम गुणों की पूजा करते हैं। तुम्हारी जल-यात्रा मंगलमय हो। हमलोग युद्ध करना जानते हैं, द्वेष नहीं।

(ख) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

मैं तो इस नगर में अब एक क्षण भी नहीं रहूँगा। देख मेरी बात मान नहीं पीछे पछताएगा। मैं तो जाता हूँ, पर इतना कहे जाता हूँ कि कभी संकट पड़े तो हमारा स्मरण करना।

(ग) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

इन दुर्बल हाथों में साम्राज्य उलटने की शक्ति है और ब्राह्मण के कोमल हृदय में कर्तव्य के लिए प्रलय की आंधी चला देने की भी कठोरता है।

(घ) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

वह लोक और जीवन के संबंध में कुछ नहीं जानती। दीवार में बने आधार में अगणिकाष्ट तिरछा लगा देता है।

(ङ) एकांकी नाटक पर टिप्पणी लिखिए।

PTO

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** 1×5=5

(क) 'विलक्षण बात यह है कि आधुनिक गद्य साहित्य की परंपरा का प्रवर्तन नाटकों से हुआ है'- इस पंक्ति के लेखक कौन हैं?

(ख) खड़ी बोली में लिखे गए हिन्दी के पहले नाटक का नाम लिखिए।

(ग) संगीत नाटक अकादमी की स्थापना कब हुई?

(घ) भारतेन्दु द्वारा अनूदित किन्हीं दो नाटक का नाम लिखिए ।

(ङ) आधुनिक हिन्दी एकांकी का जनक किसे माना जाता है?

HINDI UNIVERSITY, HOWRAH

MA SEMESTER III (CBCS) EXAMINATION, 2025

Translation Studies

Course- HIN- 304 (CBCS)

बांग्ला साहित्य का इतिहास

Full Marks- 40 | Time- 2 Hours

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 10=20

   क) बांग्ला साहित्य में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के योगदान का विस्तृत वर्णन कीजिए।

   अथवा

   बांग्ला भाषा पर प्राकृत, अपभ्रंश और संस्कृत के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए।

   ख) बांग्ला साहित्य में बौद्ध साहित्य एवं चर्यापद का साहित्यिक महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

   अथवा

   श्रीकृष्ण कीर्तन परंपरा की सामाजिक भूमिका का विवेचन कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 3 x 5=15

   क) मंगलकाव्य परंपरा का संक्षिप्त परिचय देते हुए 'मनसा मंगल' का साहित्यिक महत्त्व बताइए।

   ख) चंडी मंगल काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

   ग) पूर्व-चैतन्य युग और चैतन्य युग के साहित्य में प्रमुख अंतर स्पष्ट कीजिए।

   घ) चैतन्य आंदोलन के साहित्यिक महत्तव का विश्लेषण कीजिए।

   ङ) आधुनिक कालीन बांग्ला काव्य (1950) के विकास की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5 x 1=5

   क) चर्यापद का संबंध किस परंपरा से है?

   ख) श्रीकृष्ण कीर्तन किस साहित्यिक परंपरा से संबंधित है?

   ग) मंगलकाव्य मुख्यतः किस विषय से जुड़ा है?

   घ) बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय मुख्यतः किस विधा के लिए प्रसिद्ध हैं?

   ङ) रवीन्द्रनाथ ठाकुर किस युग के प्रमुख साहित्यकार माने जाते हैं?

**HINDI UNIVERSITY, HOWRAH**

**MA SEMESTER III (CBCS) EXAMINATION, 2025**

**HINDI UNIVERSITY**

**Paper-HIN-305**

**(शोध प्रविधि)**

**(1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **10×2=20**

(क) शोध की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए शोध-प्रविधि विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

अथवा

शोध के विविध प्रकारों को विस्तार से लिखिए।

(ख) शोध के विविध चरणों पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

शोध प्रबंधन और आलेख लेखन पर प्रकाश डालिए।

**(2) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5×3=15**

(क) शोध में नैतिकता का क्या महत्व है?

(ख) गवेषणा, अनुसंधान और शोध के व्युत्पत्रिमूलक अर्थ को स्पष्ट कीजिए ।

(ग) पाद टिप्पणी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(घ) शोध की वैज्ञानिक दृष्टि क्या है?

(ङ०) सर्वेक्षण पद्धति क्या है?

**(3) निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **1×5=5**

(क) शोध का अंग्रेजी शब्द लिखिए।

(ख) संदर्भ लेखन का एक उदाहरण दीजिए।

(ग) ICT का पूरा नाम लिखिए।

(घ) शोध की एक मुख्य विशेषता लिखिए।

(ङ०) शोध की एक पद्धति का नाम लिखिए।